जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141 - 5132022

क्रमांक : प (274)जरारासंविवि / शैक्ष. / 2024 / दिनांक :–

कार्यालय आदेश

सत्र 2024–25 के लिए ज्योतिष डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालन बाबत् अस्थाई सम्बद्धता हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 23(2)(क) के अनुसार महाविद्यालयों की सम्बद्धता के आवेदनों का निपटारा करने हेतु निरीक्षण बोर्ड एवं सम्बद्धता समिति की संयुक्त बैठक दिनांक 23.12.2024 की अनुशंषा उपरान्त कार्यपरिषद् की स्वीकारता की शर्त पर सत्र 2024–25 के लिए निम्नलिखित महाविद्यालयों को निम्नांकित शर्तो के अध्यधीन अस्थाई सम्बद्धता में अभिवृद्धि पर की जाती हैः–

1. संस्था के अध्यक्ष / सचिव द्वारा रु. 500 / – के नॉन ज्यूडीशियल स्टॉप पेपर (नोटराइज) पर पत्र जारी होने के 15 दिवस के अन्दर शपथ पत्र प्रस्तुत किया जावें जिसमें संबंधित संस्था / महाविद्यालय आगामी छः माह में निम्नानुसार शर्तों की पूर्ति कर समस्त दस्तावेज विश्वविद्यालय में जमा करा देंगेः–

(i) महाविद्यालय को मुख्यद्वार से लेकर सम्पूर्ण भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की वीडियोग्राफी की सीडी मय पंजिका जमा करवा दी जावेगी।

(ii) स्टॉफ सलेक्शन नियमानुसार कराकर सूची संलग्न करवा दी जावेगी।

(iii) विगत तीन वर्षो के वेतन आहरित विवरण प्राचार्य से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक सत्यापित कर संलग्न कर जमा करवा दिया जावेगा।

(iv) विगत तीन वर्षो की ऑडिट रिपोर्ट जमा करवा दी जावेगी।

(v) विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ उपवेशन की कार्यवाही का विवरण संलग्न कर प्रस्तुत कर दिया जावेगा।

(vi) प्रबन्ध समिति के उपवेशन का विवरण जमा करवा दिया जावेगा।

(vii) पुस्तकालय में विगत वर्ष में क्रय की गई पुस्तकों के बिल तथा पुस्तकालय में रखी गई उन पुस्तकों का स्पष्ट रंगीन छायाचित्र उपलब्ध करवा दिये जावेंगे।

(viii) विगत वर्ष छात्रों की ऑनलाईन / ऑफलाईन कक्षाओं का विवरण मय छात्र संख्या / शिक्षकवार सत्यापित विवरण संलग्न कर उपलब्ध करवा दिया जावेगा।

क्र.सं.	महाविद्यालय का नाम	पाठ्यक्रम	आवंटित सीट
1.	ऋग्वेदीय राका वेद पाठशाला, बीकानेर	ज्योतिष डिप्लोमा	40

sd-
(नरेन्द्र कुमार वर्मा)
आर.ए.एस.
कुलसचिव

क्रमांक : प (274)जरारासंविवि / शैक्ष. / 2024 / 5776-81 दिनांक :– 10/2/25

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2. परीक्षा नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
3. सहायक कुलसचिव, बैठक शाखा, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि आगामी कार्यपरिषद् की बैठक में पुष्टि हेतु प्रस्तुत करावें।
4. प्रभारी वेबसाईट, जरारासंविवि, जयपुर को भेजकर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित करावें।
5. संबंधित महाविद्यालय ....
6. रक्षित पत्रावली

कुलसचिव